तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 04 अगस्त 2025

12 गांजर में हुई जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता...



12 संगठन महापर्व में सम्मानित हुए बसना ...





**खबर संक्षेप**



## मामूली बात पर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम टुरीडीह के अंडा दुकान के पास मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी जितेश बाघमारे निवासी ग्राम टुरीडीह ने बताया कि वह 2 अगस्त की रात करीबन 9.30 बजे अंडा दुकान के सामने बैठा था, वहां पर गांव के प्रकाश बाघमारे भी था, जिससे उसने पूछा कि तुम इतने दिन से कहा थे, यह सुनकर आरोपी प्रकाश बाघमारे उत्तेजित होकर तुम कौन होते हो मुझे पूछने वाला कहकर व पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। इस दौरान उसके परिवार पोतदार बाघमारे, प्रमोद बाघमारे, पुन्नीलाल बाघमारे ने भी वहां डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं प्रार्थी प्रकाश बाघमारे निवासी टुरीडीह ने पुलिस को बताया कि 2 अगस्त के रात्रि करीबन 9.30 बजे वह अंडा दुकान के सामने बैठा था, जहां गांव का जितेश बाघमारे मुझे इतने दिन से कहा था कहते हुए व पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौच व मारपीट करने लगा। इसके बाद आरोपी के पिता नूपनरेंद्र बाघमारे व उसके भाई हर्ष बाघमारे ने भी आकर गाली गलौच करते हुए मारपीट कर और जान से मारने की धमकी दी। दोनों ही मामलों में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# दिव्यांगों का रैन बसेरा 9 साल बाद भी उजाड़, भवन हुआ जर्जर और बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सुदूर क्षेत्रों से मुख्यालय आकर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई करने के लिए दिव्यांगों के लिए बना दिव्यांग रैन बसेरा बीते 9 साल से लोकार्पण का इंतजार कर रहा है। इस इंतजार में यह तकरीबन खंडहर में तब्दील हो गया है साथ ही देखरेख के अभाव और लापरवाही के चलते असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। दिव्यांगों जनों के आवास समस्या दूर करने शहर के गुडरूपारा प्राथमिक शाला परिसर में इसे 9 साल पहले बनाया गया था। लापरवाही के चलते भवन जर्जर हो गया है। भवन में लगे ग्लास, दरवाजे खिड़कियों की चोरी हो चुकी है। भीतर तथा बाहर झाड़ियां उग आई हैं। यहां सांप, बिछुओं, चमगादड़ का बसेरा है। इस भवन के निर्माण के बाद से जिम्मेदार अधिकारी इसकी सुध लेने ही नहीं आए। कुल 8.40 लाख की लागत से निर्मित भवन में अब सिर्फ शराबियों की महाफिलें सजती हैं।

## 9 लाख के भवन में पानी की व्यवस्था नहीं इसलिए नहीं दिया गया प्रवेश





### कलेक्टर के बदलते ही योजना ठप

जानकारी के मुताबिक तत्कालीन कलेक्टर उमेश अग्रवाल के कार्यकाल के दौरान जब स्कूलों का संविलियन हुआ तब गुड़रूपारा कन्या शाला का भवन के अनुपयोगी हो गया। खाली पड़े इस भवन को दिव्यांग रैन बसेरा बना दिया गया। जिस पर आरईएस ने काम किया। 8.40 लाख रुपए की स्वीकृति के बाद इस पर काम शुरू हुआ और टूटे-फूटे भवन की मरम्मत कर दिव्यांगों के लिए बनाया गया। दिव्यांगों की मदद व शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए प्रत्येक जनपद में हेल्प डेस्क भी खुले। लेकिन, कलेक्टर के बदलते ही यह कमजोर पड़ गया।



### बिन पानी सब सून

लापरवाही ऐसी कि निर्माण एजेंसी ने मूत्रालय तथा शौचालय के नाम पर केवल दीवारें खड़ी कर दी। इसमें ना टायलेट सीट लगाया, ना ही मूत्रालय में यूरिनल बेसिन लगाया गया। इस भवन में लगे ग्रिल, ताले सभी में जंग लग चुके हैं। इस भवन में 5 कमरें हैं। प्रत्येक कमरे में चार से पांच बेड लगाया जा सकता है। इसके अलावा यहां व बाथरूम व दो शौचालय तथा एक कॉमन बाथरूम बनाया गया है। सभी बाथरूम और शौचालय दिव्यांगों की सुविधा को ध्यान रखते हुए बनाया गया है। भवन तक पहुंचने के लिए रैंप व रेलिंग बनाई गई है। भवन का विद्युतीकरण, रंगरोगन भी किया गया। लेकिन, पानी की उपलब्धता के लिए बोर नहीं किया गया, जिसकी वजह से दिव्यांगों को प्रवेश देने का कार्य ही शुरु नही हो पाया।

## कार्रवाई : दोनों मामलों में पुलिस ने जब्त किया 4 लाख का गांजा

# गांजा तस्करी और बिक्री के मामले में महिला समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में कोमाखान और महासमुंद में गांजा जब्त कर पुलिस ने एक महिला समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान कोमाखान से 23 किलो और महासमुंद के नयापारा से तीन किलो गांजा जब्त किया गया है।

कोमाखान पुलिस ने बताया मुखबीर से सूचना मिली थी कि चार व्यक्ति सवार एक सफेद रंग की कार ओडी 03 एए 8135 में अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिये ओडिशा की ओर से महासमुंद की ओर आ रहे हैं। इसके बाद टेमरी नाका के पास उक्त कार आती दिखी, जिसमें चार व्यक्ति सवार थे, जिसे रोककर कार में बैठे ड्रायवर एवं उसके बगल सीट एवं पीछे सीट में बैठे व्यक्तियों से संदेह के आधार पर पूछताछ की गई। वे शुरू में गोलमोल जवाब दे रहे थे, जिनसे सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में संदेहियों ने अपने नाम शंकर दीप पिता नत्रा दीप (29 साल) निवासी तितकेला थाना केसिंगा जिला कालाहांडी ओडिशा एवं ड्रायवर के बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम बसंत कांड पिता पूर्णचंद्र कांड (26 साल) निवासी वार्ड क्रमांक 14 शिव मंदिर के पास टिटलागढ जिला बलांगीर ओडिशा तथा कार के पीछे सीट मे बैठे व्यक्तियों ने अपने नाम क्रमशः देवराज नाग पिता ललित मोहन नाग (22 साल) निवासी वार्ड क्रमांक 01 काली मंदिर के पास टिटलागढ जिला बलांगीर ओडिशा संजय नाग पिता राजेन्द्र नाग (25 साल) निवासी कुमड़ीपदर थाना टिटलागढ जिला बलांगीर ओडिशा का रहने वाला बताये। संदेहियों ने कार के पीछे खाली जगह में गांजा रखना बताया, जिसे रायपुर में बेचने की बात कही। पुलिस ने तलाशी के दौरान 23 किलोग्राम गांजा कीमत 3,45000 रुपए को जब्त किया। इसके अलावा कार कीमत 10,0000 रुपए, मोबाइल जब्त किए गए। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।





### महासमुंद के नयापारा से गांजा बरामद

इधर, सिटी कोतवाली पुलिस ने महासमुंद नगर के नयापारा की एक महिला के कब्जे से तीन किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी सुनीता यादव पिता बैसाखू यादव (55 साल) निवासी सामने वार्ड नं. 06 नयापारा महासमुंद के किराना दुकान से 3.172 किलोग्राम गांजा, कीमत करीबन 45000 रुपए, मोबाइल को जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुनीता यादव अपने घर के सामने किराना दुकान चलाती है और वह दुकान के अंदर खिडकी के पास एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में गांजा भरकर बिक्री करने रखी थी। मामले में महिला के खिलाफ धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# अनियंत्रित हुई बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम अंतर्ला मोड़ में अनियंत्रित होकर एक बाइक डिवाइडर से जा टकराई, जिससे बाइक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। सरायपाली पुलिस ने बताया कि 2 अगस्त को खगेश्वर उर्फ जितेंद्र सोना मोटर सायकल बिना नंबर स्प्लेंडर से अपने साथी नंदलाल, गजेंद्र, गोपीनाथ के साथ पंधी काम करने गया था। इसके बाद पंधी से तोरेसिंहा पैसा लेने गये थे। वहां से पैसा लेने के बाद गोहिरापाली शराब भट्ठी में चारों ने शराब पी। इसके बाद चारों बाइक में बैठकर अंतर्ला की ओर जाने लगे, बाइक को खगेश्वर सोना चला रहा था। इसी दौरान अंतर्ला मोड़ के पास सामने से बोलेरो वाहन के आने से अनियंत्रित होकर मोटर सायकल डिवाइडर से जा टकराई। घटना में खगेश्वर उर्फ जितेंद्र सोना की मौत हो गई, वहीं नंदलाल, गजेंद्र, गोपीनाथ घायल हो गए। मामले में सरायपाली थाना में मृतक खगेश्वर सोना के विरूद्ध अपराध धारा 281,125(ए), 106(1) बीएनएस एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185, 128/177, 50(2)/177 कायम कर विवेचना में लिया गया है

## डाक घर में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं

**बसना**। जनपद पंचायत बसना के सामने डाकघर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था में नहीं है। कतार में खड़े होकर करते हैं बिजली के आने का इंतज़ार। योजनाएं भी हो रही प्रभावित। बसना नगर में स्थित डाकघर में बिजली के चले जाने से पूरा कार्य ठप हो जाता है। विभाग द्वारा यहां बिजली के लिए किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं की है, जिसके चलते आम लोगों के कार्य प्रभावित होते हैं। बसना नगर में स्थित यह डाकघर तहसील का एक प्रमुख डाकघर है, जहां क्षेत्र में 100 से भी अधिक गाँव के लोग योजना का लाभ अथवा अन्य सुविधा लेने पहुंचते हैं। कई बार समय में बिजली नहीं होने से लोगों को ऐसे ही लौटना पड़ जाता है। आपको बता दें कि बसना डाकघर में पोस्ट के साथ-साथ बैंकिंग की भी सुविधा मिलती है, केंद्र सरकार की कई योजनायें डाकघर के माध्यम से संचालित की जा रही है, जिसके लिए सभी कार्य कंप्यूटर के माध्यम से अब ऑनलाइन किये जाते हैं।

# 7 हजार कांवरिए पहुंचे सिरपुर, शाम तक आंकड़ा होगा 10 हजार के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन मास के आज आखिरी सोमवार के अवसर पर जिले भर के शिव मंदिरों में आस्था और श्रध्दा का सैलाब उमड़ेगा। सुबह सें ही लोग मंदिरों में जलाभिषेक के लिए उमड़ेगे। भोलेनाथ के जयकारों से माहौल भक्तिमय रहेगा। श्रद्धालु बेलपत्र और भांग-धतूरे, जल, दुग्ध से से महादेव का अभिषेक करेंगे।

इधर, बहम्नी से जल लेकर गंधेश्वर महादेव सिरपुर में कांवरिए पहुंच गए हैं। 7 हजार से अधिक कांवरिए सिरपुर पहुंच गए हैं। वहीं रात तक आने का सिलसिला जारी है। ये कांवरिए सुबह चार बजे मंदिर के पट खुलते ही हजारों कांवरिएं गंधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। प्रशासन व पुलिस भी सुरक्षा



व्यवस्था में लगी हुई है। वहीं नदी के आसपास भी टीम तैनात है। करीब 7 हजार से अधिक कांवरिए पहुंच चुके हैं और यह संख्या 10 हजार के पास जाने का अनुमान है। सुबह से देर शाम तक आज जलाभिषेक श्रद्धालु करेंगे। श्रद्धालुओं को अव्यवस्था न हो इसलिए पुख्ता इंतजाम किये गये है। सावन के आखिरी सोमवार को शहर के शिव मंदिर में शिवभक्तों में एक अलग ही उत्साह रहता है। भक्त इस दिन उपवास करते हैं और शिवालयों में जाकर हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए जलाभिषेक, बेल पत्र, धतूरा सहित प्रसाद चढ़ाकर परिवार में सुख समृद्धि बने रहे इसकी कामना करते हैं।

### सोमवार को बनेंगे 4 शुभ योग

सावन समाप्ति को ओर बढ़ रहा है। पंचांग के अनुसार, 4 अगस्त के दिन सावन का चौथा एवं आखिरी सोमवार व्रत रखा जाएगा। इस साल सावन के आखिरी सोमवार पर कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है, जो इस दिन की महत्ता को बढ़ा रहे हैं। इस दिन की शुरुआत सुबह सूर्योदय में सर्वार्थसिद्धि योग व ब्रह्म योग के साथ होगी। इसके साथ ही इंद्र योग और रवि योग का निर्माण भी हो रहा है। ऐसे में सावन के आखिरी सोमवार के शुभ संयोग पर कुछ उपाय करना बेहद फलदायक रहेगा।

## सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का धूमधाम से हुआ विसर्जन

**महासमुंद**। सावन के महीने में, भगवान शिव की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व होता है। इस दौरान, भक्त भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान करते हैं, जिनमें से एक है पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और विसर्जन। पार्थिव शिवलिंग, मिट्टी से बने शिवलिंग होते हैं, जिनकी पूजा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। रविवार के दिन नगर के शिव भक्तों ने पंचशील क्लब में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर विधि विधान से पूजा अनुष्ठान किया गया एवं शहर में शोभा यात्रा निकाल कर धूमधाम से नगर स्थित महामाया तालाब में विसर्जन किया।







# न डिग्री न लाइसेंस, ग्रामीणों की जान जोखिम में डाल रहे कथित डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नोडल अधिकारी ने कहा- दिए गए सख्त कार्रवाई के निर्देश

जिले के ग्रामीण अंचलों में बिना डिग्री वाले चिकित्सक ग्रामीणों का उपचार कर रहे हैं। हालांकि, सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बिमारियों के त्वरित उपचार या किसी गंभीर समस्या के दौरान त्वरित चिकित्सकीय सहायता इनसे मिल रही है। लेकिन, कुछ बगैर डिग्रीधारी ग्रामीण स्वास्थ्य सेवकों द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे लोगों पर सख्ती नही बरती जा रही। जिसके कारण इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिले में ऐसे चिकित्सक की संख्या एक हजार से भी अधिक है जो ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार इन कथित चिकित्सकों के पास लोगों के स्वास्थ्य जांच करने के लिए न किसी प्रकार की डिग्री है और न ही कोई वैध लाइसेंस बावजूद इसके वे लगातार लोगों का इलाज कर रहे हैं।

मामले में स्वास्थ्य विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ छत्रपाल चंद्राकर ने बताया कि, जिले के सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को ऐसे डॉक्टरों पर अभियान चला कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जिला ताम्र और पिथौरा ब्लॉक रजत पदक से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आकांक्षी जिला को छत्तीसगढ़ राज्य में ताम्र पदक से सम्मानित किया गया है। वहीं पिथौरा विकासखंड को रजत पदक प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार 6 संकेतांकों में से पांच संकेतांक को शतप्रतिशत पूर्ण करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 2 अगस्त को रायपुर में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन मौजूद थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महासमुंद जिले को बधाई देते हुए कहा कि महासमुंद में टीम भावना के साथ नीति आयोग द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने में बेहतर कार्य किया। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह



की ओर से जिला के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने पुरस्कार ग्रहण किया। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग से समीर पांडे, कृषि विभाग से एफआर कश्यप, स्वास्थ्य विभाग से पी कुदेशिया, समग्र शिक्षा से रेखराज शर्मा, जनपद सीईओ चंद्र प्रकाश मनहर एवं आकांक्षी ब्लॉक के फेलो वैभवी मोयल को प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। ज्ञात है कि आकांक्षी जिला, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है, जिसका उद्देश्य देश के सबसे पिछड़े और कम विकसित जिलों का तेजी से विकास करना है। इन जिलों को सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में सुधार के लिए विशेष रूप से चुना गया है और सरकार इन जिलों में विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम लागू की है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पूरी टीम को बधाई दी है और कहा है कि संकेतक को शत प्रतिशत सैचुरेशन के लिए सतत रूप से कार्य किया जाएगा, जो संकेतक बाकि है उसे समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने जिला नोडल अधिकारी एस आलोक के नेतृत्व में किए गए कार्य की सराहना करते हुए बधाई दी है। ज्ञात है कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम वर्ष 2018 में नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य 112 आकांक्षी जिलों में जीवन स्तर में सुधार करना है, जिनमें से प्रत्येक में कुछ सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र कमजोर हैं। इन जिलों में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन जिलों में विकास को गति देना और उन्हें देश के बाकि हिस्सों के साथ समानता लाने में मदद करना है। यह कार्यक्रम जिलों को सर्वोत्तम प्रथाओं को विकसित करने और दोहराने के लिए भी प्रोत्साहित करता है, जो सामाजिक-आर्थिक विषयों में सुधार को बढ़ावा देते हैं। आकांक्षी जिलों के साथ-साथ आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम भी शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य 500 ब्लॉकों में विकास को बढ़ावा देना है।

यह कार्यक्रम आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता पर आधारित है, जिसने 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। इन जिलों में हमारा महासमुन्द जिला भी है। आज इन्हीं संकेतकों में हम शत प्रतिशत काम पूर्ण किए, जिसके लिए जिले के अधिकारी / कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

# चार वर्षीय बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने घर ले जाकर किया रेप, आरोपी युवक गिरफ्तार

**महासमुंद**। जिले के तेंदूकोना थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर खेल रही चार वर्षीय बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने युवक द्वारा घर ले जाकर रेप का मामला सामने आया है। परिजन शाम को खेत से लौटकर आए तो बालिका को गुमसुम देखकर उसकी मां पूछी तो डरी सहमी बच्ची ने रोते हुए आपबीती बताई। परिजनों ने इस घटना की शिकायत तेंदूकोना थाना में की। मामले की गंभीरता को देखकर घटना की पुलिस ने आरोपी को गांव से गिरफ्तार कर लिया। बालिका को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 4, 65-2 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार की दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे की है। बालिका के परिवार के लोग कृषि कार्य के लिए खेत गए हुए थे और बालिका को आंगनबाड़ी जाने की समझाइश दी थी। परिवार वालों के काम में चले जाने के बाद आरोपी उसके पास आया और बालिका को चॉकलेट का लालच देकर अपने साथ घर ले गया था। पुलिस के अनुसार उक्त 22 वर्षीय आरोपी बालिका के चाचा का साला है और वह शारीरिक रूप से दिव्यांग है। दिव्यांग होने के बावजूद दरिंदगी की सारी हदें पार करते हुए उसने एक मासूम बच्ची के साथ घिनौनी हरकत को अंजाम दिया। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी शराब पीने का भी आदी है। आरोपी की हरकत से ग्रामीणों में नाराजगी है। बालिका के परिजन और ग्रामीणों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों की मानें तो उक्त आरोपी पहले भी नशे की हालत में गांव में उत्पात मचाता रहा है। लेकिन इस बार उसने अपराध की सारी हदें पार कर दीं। लोगों का कहना है कि नशाखोरी गांवों में जड़े जमा चुकी है। घर-घर में बिक रही अवैध शराब, गांजा और अन्य नशीली सामग्री ने युवाओं को अपराध की ओर धकेल दिया है। एएसपी महासमुंद प्रतिभा पांडेय का कहना है कि तेंदूकोना थाना क्षेत्र में 4 वर्षीय बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी कर ली गई है और मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या में माता कौशल्या की मूर्ति के लिए की मिट्टी ग्रहण



**रायपुर।** चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा ग्राम चंदखुरी में माता कौशल्या संग तीजा तिहार का आयोजन किया जा रहा है। माता कौशल्या की मूर्ति के लिए मिट्टी लाने कलाकार द्वय डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर और पं. राजेश शर्मा अयोध्या गए हुए हैं। उनके द्वारा शनिवार को सुबह सरयू नदी में स्नान कर दशरथ भवन के पंडितों के हाथ से मिट्टी ग्रहण की गई। यह जानकारी परिषद के निदेशक राकेश तिवारी ने देते हुए आगे बताया कि मिट्टी लाने के बाद ग्राम निमोरा के मूर्तिकार पीलू साहू द्वारा माता कौशल्या और रामललाजी की भव्य मूर्ति बनाकर चंदखुरी में पंडवानी गायिका प्रभा यादव के घर स्थापित की जाएगी, जहां पांच दिवसीय कौशल्या माता के संग तीजा तिहार मनाया जाएगा।

### झीरम का सच सामने लाने सुको में याचिका दायर करेंगे शुक्ल समर्थक



**रायपुर।** पं. विद्याचरण शुक्ल के जन्मदिवस और मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्ल समर्थकों ने जीरम घाटी हत्याकांड की सच्चाई को दुनिया के सामने लाने का संकल्प लिया है। स्व. विद्याचरण शुक्ल के समर्थकों ने हाल ही में कानूनी लड़ाई लड़ते हुए सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे पर दस्तक देने का निर्णय लिया है। कांग्रेस व छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के वरिष्ठ नेता मनोज सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने जानकारी दी कि इस विषय पर पुनः निर्णय लिया गया है और सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह कदम न केवल पं. विद्याचरण शुक्ल के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देगा, बल्कि न्याय के प्रमुख मूल्यों की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। साथ ही कांग्रेस के सभी बलिदानी नेताओं के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ



**रायपुर।** बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में शनिवार को अखंड रामायण पाठ शुरू हो गया। यह पाठ 24 घंटे तक चलेगा और समापन 3 अगस्त को दोपहर में किया जाएगा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस पाठ में भगवान श्रीराम की स्तुति की जाएगी। यह पाठ आमतौर पर किसी शुभ अवसर या विशेष दिन पर आयोजित किया जाता है और इसे भगवान राम की कृपा प्राप्त करने तथा बुराई दूर करने का एक तरीका माना जाता है। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने सभी हनुमान भक्तों से आग्रह किया है कि अधिकाधिक संख्या में आकर हनुमानजी का दर्शन का लाभ लें।

# एनआरआई कोटे की सीट आवंटन के लिए पुराना नियम, खाली बची तो प्रबंधन कोटे में परिवर्तित

## निजी मेडिकल कालेजों में इस बार अप्रवासी भारतीयों के लिए 81 सीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

चार निजी मेडिकल कालेज में मौजूद एनआरआई कोटे की 81 सीटों पर एडमिशन के लिए प्रदेश में पुराना नियम ही लागू किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अगर सीटें खाली बच जाती हैं, तो उसे प्रबंधन कोटे में तब्दील कर दिया जाएगा। इस कोटे की सीट प्राप्त करने के लिए दूर के रिश्तेदारों के विदेश में रहने के प्रमाणपत्र को भी मान्य किया गया है। प्रदेश के चार निजी मेडिकल कालेजों में अप्रवासी भारतीयों के लिए 81 सीट आरक्षित है।

प्रदेश में एमबीबीएस और बीडीएस की सीटों पर एडमिशन के लिए राज्य में काउंसिलिंग की प्रक्रिया चल रही है। अभी ऑनलाइन आवेदन के साथ च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस बार अप्रवासी भारतीय नियतांश की सीटों पर एडमिशन के लिए पुराने नियम को ही मान्य किया गया है। इसमें अभ्यर्थी अपने दूर के रिश्तेदारों के प्रमाणपत्र के आधार पर एडमिशन प्राप्त कर सकेंगे।

एनआरआई कोटे का नियम बदलने के लिए पिछली बार काफी बवाल हुआ था, मगर शासन ने इसके नियम में बदलाव नहीं किया। केवल काउंसिलिंग के दौरान इस कोटे की सीट शेष बचने पर उसे मैनेजमेंट कोटे में परिवर्तित किया जाएगा। निजी मेडिकल कालेज में जीरो ईयर घोषित होने की वजह से अप्रवासी भारतीय कोटे की 22 सीट का बड़ा नुकसान हुआ है।

### एक गलती तो नहीं मिलेगा आवंटन

ऑनलाइन पंजीयन के दौरान अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रेशन पोर्टल में एडिट ऑप्शन भी दिया गया है। पोर्टल में इसका उपयोग करने के दौरान पूर्व में की गई संस्था चयन की प्रक्रिया स्वतः शून्य हो जाएगी। इसीलिए अभ्यर्थियों को इस बात की विशेष ताकीद की गई है कि संशोधन विकल्प चुनने के दौरान च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया को पुनः पूरा किया जाए। संस्था चयन की प्रक्रिया फिर से पूरा नहीं किए जाने पर विद्यार्थियों को आवंटन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जा सकेगा।



### पहले दौर का एडमिशन 9 से

ऑनलाइन आवेदन, मेरिट लिस्ट, सीट आवंटन के बाद पहले राउंड की प्रवेश की प्रक्रिया 9 से 14 अगस्त के बीच पूरी की जाएगी।चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस बार प्रत्येक चरण में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दो नियमित, एक मॉपअप के बाद खाली बचने वाली सीटों के लिए स्ट्रे वेकैंसी राउंड पूरा किया जाएगा। काउंसिलिंग की यह प्रक्रिया एमबीबीएस और बीडीएस की राज्य और प्रबंधन कोटे की सीटों के लिए है।

## कार्रवाई : 10 जोन के 70 वार्डों में मेनुअल नोटिस की जगह सीधे ई-चालान

# नगर निगम का ई-चालान और ई-नोटिस सिस्टम शुरू, एक सप्ताह में 176 को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम ने अपने निर्माण सहित अन्य तरह के कार्यों में ई चालान और ई नोटिस देने का सिस्टम शुरू कर दिया है। इसमें नक्शा स्वीकृति से लेकर दी जाने वाली सभी स्वीकृति एवं नोटिस मेनुअल की जगह ऑनलाइन रहेगी। निर्माण कार्यों में पारदर्शिता लाने ई चालान और ई नोटिस का सिस्टम लाया गया है। इसमें नगर निवेश और स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी 19 सेवाओं को शामिल किया गया है। सप्ताहभर के अंदर अलग-अलग श्रेणी की सेवाओं में चूक करने 176 लोगों को ई चालान और ई नोटिस भेजा गया। इसमें 176 लोगों ने ई चालान प्राप्त होने के बाद 1,81,727 रुपये की पेनाल्टी जमा कराई, वहीं 44 लोग ऐसे रहे जिनसे ई चालान की राशि जमा होना बाकी है। निर्धारित समय पर ई चालान की राशि जमा नहीं करने पर संबंधित करदाता के संपत्तिकर के साथ ई चालान की राशि संपत्ति कर भुगतान के समय वसूल की जाएगी। दरअसल, नगर निगम की 16 श्रेणी की सेवाओं में चूक करना अब लोगों को महंगा पड़ने लगा है। निगम ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़े 13 और नगर निवेश से 3 श्रेणी की सेवा को इसमें शामिल करते हुए ई चालान को डिजिटल डोर नंबर प्लेट से कनेक्ट कर दिया है। इस स्थिति में यदि इस चालान के जुर्माने की रकम भरने में नागरिक देर करता है, तो इससे सीधे उसके प्रापर्टी टैक्स में जोड़कर वसूली कर ली जाएगी। नगर निगम के प्रापर्टी टैक्स में अभी पेयजल शुल्क के साथ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिया जाने वाला यूजर चार्ज शामिल रहा, जिसको साल में एक बार एकमुश्त लिया जाता है। अब पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई चालान की राशि इसमें जोड़ दी गई है।

- 132 लोगों ने जमा कराई 1,81,727 रुपये पेनाल्टी




### फोटो खींचकर अपलोड करते ही जुर्माने की रकम तय

नगर निगम के एप में बनाए गए नए ई चालान पोर्टल पर आईडी पासवर्ड डालकर सीएंडडी वेस्ट या फिर नाले में फेंके गए कचरे की फोटो खींचकर अपलोड होते ही जुर्माने की रकम स्वचालित रूप से आ जाएगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी ने हरिभूमि को बताया कि इस रकम में किसी प्रकार की घट-बढ़ नहीं हो पाती। निगम आयुक्त के मुताबिक राजपत्र में प्रकाशन नगर निवेश विभाग ने सबिंधित अवैध कब्जे, अवैध निर्माण संबंधी गड़बड़ी के अलावा कचरा फैलाने वालों पर अलग-अलग जुर्माना लगाया जा रहा था। इसमें एकरूपता लाने के लिए ई चालान पैटर्न विकसित किया गया है। जुर्माने के लिए मेनुवल रसीद बंद ई-चालान सिस्टम शुरू किया गया है।

### नगर निवेश की 4 श्रेणी

- सड़क अवरोध
- संपत्ति विरूपण की स्थिति
- ग्रीन नेट न लगाये जाने पर
- मलबा खुले में छोड़ने पर

### स्वास्थ्य की 12 श्रेणियों में लापरवाही पर ई-चालान

- गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करने पर
- डायपर सेनेटरी पैड कचरे में मिक्स करने पर
- गार्डन वेस्ट का निराकरण न करने पर
- कूड़े को खुले में फेंकने या जलाने पर
- बिना नगर निगम को सूचित किये 100 व्यक्तियों से ज्यादा का समारोह
- समारोह के दौरान कूड़े को स्थल में ही छोड़ने पर
- स्ट्रीट वेंडर द्वारा कचरा फैलाने,, मिक्स करने पर
- कालोनी, बाजार द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करना
- 5 हजार वर्गमीटर से ज्यादा बड़ी कालोनी, संस्था द्वारा गीला-सूखा कचरा अलग न करने पर
- हॉटल,रेस्टारेंट द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करने की स्थिति में
- खुले में शौच करने पर।

# कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती एवं नए पदाधिकारियों के चयन पर हुई चर्चा



**बसना।** रेस्ट हाउस बसना में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बसना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पुनर्गठन के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में फुलझर क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह तथा बसना ब्लॉक प्रभारी राजेश जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने, नए पदाधिकारियों के चयन एवं आगामी चुनावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक सकारात्मक और संगठनात्मक दृष्टि से सफल रही। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनजीत सिंह सलूजा, तौकीर दानी, इश्तियाक खेरानी, तनवीर सईद, मंदाकिनी साहू, विजय साहू, नरेंद्र साव, नवीन साव, खालिद दानी, रज्जू छाबड़ा, यासीब धनानी, प्रकाश जैन, दिव्यानंद भोई, राधेश्याम नायक, इशाक मोहम्मद, शिव नायक, महेंद्र नायक, योगेश साव, महिपाल सिंह जटाल, सतिश भोई, संजय साव, उदेलाल चौहान, टिकेश्वर पटेल, हेमसागर पटेल, श्याम लाल पटेल, गुड्डू खैरानी, तनुजा साहू, नसरीन बानो, यासमीन बानो, प्रकाश दास रमेश दास, केशव साव, उद्धव सिदार, भुवनेश्वर पटेल, राहुल चतुर्वेदी, मुकेश सोनी, राजकुमार बरिहा एवं महासमुंद से शिव बघेल, भावना ध्रुव, जयश्री सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हमारे सपने थीम पर महिला चैंबर का पदभार ग्रहण समारोह

## चैंबर की सदस्यता बढ़ाने वाली महिलाएं होंगी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी के बाम्बे मार्केट स्थित चैंबर सभा भवन में शनिवार को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के बैनर तले वर्कप्लेस विजडम और महिला चैंबर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एडवाइजर अजय पाल सिंह ने व्यापारियों के व्यापार जगत से जुड़े हुए सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम में 40 कंपनियों के एचआर ने हिस्सा लिया और व्यापार की कानूनी प्रक्रियाओं के बारे जिज्ञासा शांत की।

महिला चैंबर के पदभार ग्रहण समारोह के मौके पर महिला चैंबर अध्यक्ष डॉक्टर इला गुप्ता ने घोषणा करते हुए कहा कि महिला चैंबर महीने में 2 बार बाजार लगाने जा रहा है, जिसमें सामान का प्रचार-प्रसार महिला चैंबर के माध्यम से होगा। साथ ही चैंबर की सदस्यता बढ़ाने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

डॉ. इला गुप्ता ने सभागार में उपस्थि लोगों को मानसिक तनाव कैसे कम किया जाए, इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एंजायटी क्या होता है, जब कभी हाथ पैरों मे थरथराहट होने लगे, घबराहट होने लगे, पसीना आने लगे, तो समझिए एंजाइटी की प्रॉब्लम बढ़ गई है। डॉ गुप्ता ने कहा कि कभी इस तरह की प्रॉब्लम आती है गर्दन में दर्द हो, मांसपेशियां अकड़ने लगे, चक्कर आ रहे हों, तो खुद से उपचार न करें तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

पदभार ग्रहण समारोह में संरक्षक मीनाक्षी टुटेजा, फुलवासन बाई यादव, अध्यक्ष- डॉ. इला गुप्ता, महामंत्री- मनीषा तारवानी, कोषाध्यक्ष- नम्रता श्रीकांत अग्रवाल,कार्यकारी अध्यक्ष-मंजूषा पटले, मधुबाला सिंह, सलाहकार-ऋतु जैन, मंजूषा परियल, प्रबंधक-स्वाति सोनी, मनीषा सिंह, मीडिया प्रभारी-सुनीता पाठक, यूथ प्रभारी-सुनिधि पांडे, सामाजिक सलाहकार-सुमन मुथा, रायपुर प्रभारी-स्वप्निल मिश्रा,वित्तीय सलाहकार-सोमा घोष, हेमल बेन शाह, राजनीतिक सलाहकार- प्रीति उपाध्याय, गायत्री केसरवानी,सांस्कृतिक प्रभारी-सविता गुप्ता, ऐश्वर्य तिवारी, प्रीति मिश्रा, उपाध्यक्ष-देवयानी पांडे, पल्लवी चिमनानी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहीं।

इस मौके पर राज्य के तीन मेधावी स्काउट गाइड सदस्य रायपुर से मनतृप्त कौर -रेंजर, देवाशीष माखीजा-रोवर एवं दुर्ग से कुसुम सिन्हा- गाइड को महिला चैंबर की ओर से सम्मनित किया गया।

इस अवसर पर चैंबर संरक्षक श्रीचन्द सुन्दरानी, सलाहकार-अरविंद जैन, लखमशी पटेल, किशोर आहूजा, अशोक मलानी, अमर गिदवानी,चेयरमेन-गोपालकृष्ण अग्रवाल, वाइस चेयरमेन-चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष-राधाकिशन सुन्दरानी राजेश वासवानी,जसप्रीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष-निकेश बरड़िया, सहित महिला चैंबर के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



**नगर निगम और ट्रैफिक विभाग मिलकर करेंगे काम**

# शहर के 18 चौक-चौराहों की बदलेगी सूरत, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी के डेढ़ दर्जन प्रमुख चौराहों में आने वाले दिनों में लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। नगर निगम ने ट्रैफिक विभाग के साथ मिलकर इन चौराहों को चिन्हांकित किया है। इसमें नगर उत्थान योजना के तहत नगर निगम अपने इम्पैनल्ड आर्किटेक्ट से सर्वे कराकर ट्रैफिक स्मूथ करने सुझाव देगा। इसमें मुख्य रूप से पचपेड़ी नाका चौक, शास्त्री चौक, फाफाडीह चौक, आमापारा चौक, आजाद चौक, लाखेनगर चौक, तेलघानी चौक, शंकर नगर चौक बिलो ब्रिज सहित अन्य चौराहे शामिल हैं। इस कार्य के लिए एजेंसी तय करने निगम का लोक निर्माण विभाग ऑनलाइन टेंडर करने की तैयारी में है।

ट्रैफिक जाम से जूझ रहे शहरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने नगर उत्थान योजना में शहर के डेढ़ दर्जन प्रमुख चौराहों की दशा सुधारने 10 करोड़ खर्च होंगे। योजना के मुताबिक इसके लिए संबंधित चौराहों के सर्वे का कार्य कराया गया है। निगम ने इसके लिए आर्किटेक्ट तय कर बाकायदा इसकी प्लानिंग की है। इम्पैनल्ड आर्किटेक्ट को प्रोजेक्ट कास्ट का 1.16 फीसदी राशि परामर्श शुल्क बतौर दी जाएगी।

- निगम ने इम्पैनल्ड आर्किटेक्ट से कराया सर्वे
- 10 करोड़ के प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी



### इन चौराहों को व्यवस्थित करने की तैयारी

पचपेड़ी नाका चौक, खम्हारडीह चौक, शास्त्री चौक, फाफाडीह चौक, पिकाडली हॉटल मोहबा बाजार चौक, सिविल लाइन स्थित कटोरातालाब चौक, जीई रोड स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय चौक, एनआईटी चौक, अनुपम गार्डन चौक, वंदना आटो चौक, आमापारा चौक, आजादचौक, अवंतिबाई चौक, लाखे नगर चौक, भनपुरी चौक, शहीद भगत सिंह चौक, वीआईपी रोड स्थित फुंडहर चौक, कौशिल्या विहार गेट, तेलघानीनाका चौक, समता कालोनी स्थित अग्रसेन चौक, मोवा थाना चौक, दलदल सिवनी टर्निंग पाइंट चौक, शंकर नगर चौक बिलो ब्रिज, मेकाहारा चौक।

### इस तरह से होंगे काम

- लेफ्ट टर्न खोला जाएगा, जरूरत के अनुसार सामान्य चौक में रोटरी का निर्माण होगा।
- भीड़ वाले चौराहों पर सिग्नल लगाने की व्यवस्था, बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल शुरू कराये जाएंगे।
- साइनेज के साथ रोड मार्किंग कार्य
- यातायात को बाधित करने वाले बिजली पोल तार को सुव्यवस्थित कर अंडरग्राउंड केबलिंग करायी जाएगी।
- सुगम आवागम के लिए डिवाइडर निर्माण।

# रुद्राभिषेक में शामिल हुए भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा कार्यालय परिसर में सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन में रविवार को भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय शामिल हुए। साय ने पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक कर प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि की कामना की।

रविवार को सुबह वेदी पूजन पश्चात अलग-अलग स्थानों से आए पुरोहितों द्वारा रूद्राभिषेक अनुष्ठान कराया। दोपहर करीब 01 बजे महादेव की आरती के साथ प्रथम सत्र का पूजन संपन्न हुआ। रुद्राभिषेक में शामिल हुए संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि महादेव देवों के देव हैं। सच्चे मन से महादेव की पूजा अर्चना करने पुण्यलाभ प्राप्त होता है।



**आज श्रावण के अंतिम सोमवार में होगा रुद्राक्ष वितरण:** श्रावण मास का अंतिम सोमवार के अवसर पर प्रतिदिन की तरह आज भी रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन पश्चात आए हुए श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित:** रुद्राभिषेक में कृषि एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा नंदन जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, डिंपल ध्रुव, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, वरिष्ठ नेतागण प्रलय थिटे, पवन पटेल, रमेश साहू, संदीप घोष, मोनिका साहू, मुन्ना साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, अन्य नेतागण राधेश्याम साहू, पार्वती साहू, देवेंद्र चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, मनीष शर्मा, जितेंद्र चंद्राकर, पीयूष साहू, राजू चंद्राकर, चुनेश्वरी साहू, राजू साहू, सुनिता साहू, अमन वर्मा, शरद राव, महेंद्र सिक्का, रामेश्वर पटवा, गुड्डा सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हाई क्वालिटी सीपीआर, डिफिब्रिलेशन कार्डियोवर्शन और पेसिंग का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के एनीस्थिसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन चिकित्सा महाविद्यालय के चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य कार्डियक अरेस्ट एवं अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीज को समय रहते उपयुक्त जीवनरक्षक उपचार प्रदान करने के लिए डॉक्टरों एवं छात्रों को दक्ष बनाना था।

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त इस कोर्स में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को हृदय गति रुकने की स्थिति में कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन सहित कई महत्त्वपूर्ण जीवन रक्षक तकनीकों का अभ्यास कराया गया। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के पोस्ट ग्रेजुएट छात्र, एम्स रायपुर के पोस्ट ग्रेजुएट छात्र तथा जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों एवं फिजियोथैरेपिस्टों ने भाग लिया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में हाई क्वालिटी सीपीआर, डिफिब्रिलेशन, कार्डियोवर्शन और पेसिंग का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह इस कोर्स की कोऑर्डिनेटर एवं इंस्ट्रक्टर हैं। डॉ. प्रतिभा जैन ने प्रतिभागियों को दिल का दौरा एवं लकवे के लक्षणों की त्वरित पहचान और प्राथमिक उपचार की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। डॉ. शिवम पटेल ने सीपीआर के चरणों की जानकारी देते हुए बताया कि 30 बार चेस्ट कंप्रेशन के बाद 2 बार सांस देना आवश्यक होता है।



किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध

- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध

विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम

100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है

आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### मोबाइल लूट के आरोप में दो बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने मोबाइल लूट के आरोप में मनोज ताखर, तोमेश वर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों ने 30 जुलाई की शाम एक युवक से मोबाइल लूट की थी। पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फूटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों को पकड़ा। इनके कब्जे से मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त की है। गिरफ्तार किए गए बदमाश पूर्व में भी मोबाइल लूट के मामले में जेल जा चुके हैं।

### गांजा तस्करी में दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में दो वर्ष से फरार गांजा तस्कर को बस्तर से गिरफ्तार किया है। गांजा तस्करी के फरार आरोपी मुन्ना राम कश्यप को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुन्ना राम के खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। मुन्ना राम को पुलिस ने उसके मोबाइल लोकेशन को ट्रेस कर गिरफ्तार किया है।

### जुआ खेलते धरे गए पांच जुआरी, रकम जब्त

**रायपुर।** गंज पुलिस ने जुआ खेलते पांच जुआरियों को केलकर पारा स्थित एक गली के मकान में दबिश देकर गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने जुए की रकम साढ़े 32 हजार रुपए जब्त की है। जुआ खेलने के आरोप में पुलिस ने नदीम खान, जलील अहमद, सुकून खान, रईस और अनीस अहमद को पकड़ा। पांचों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कार में फर्राटे भरते बर्थडे सेलिब्रेट, 13 हजार जुर्माना

**रायपुर।** ट्रैफिक पुलिस ने बगैर नंबर प्लेट की कार में फर्राटे भरते हुए बर्थडे सेलिब्रेट करने वाले दो युवकों को पकड़ा है। पकड़े गए युवक किराए की कार लेकर अपने साथियों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे थे। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार बर्थडे सेलिब्रेट करने की आड़ में तेज रफ्तार कार चलाने तथा हुड़दंग करने के आरोप में मोहित पंजवानी तथा मनोज विश्वकर्मा के खिलाफ कार्रवाई की गई। बगैर नंबर प्लेट तथा तेज रफ्तार कार चलाने के आरोप में 13 हजार रुपए जुर्माना किया गया है। पुलिस से बचने दोनों युवक कार की नंबर प्लेट निकालकर गाड़ी चला रहे थे।

### सूने मकान से सिलेंडर किया पार, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने 30-31 जुलाई की रात सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे तीन नग घरेलू सिलेंडर तथा एक छोटा सिलेंडर चोरी करने के आरोप में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पूरन लाल साहू की शिकायत पर पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी करने के आरोप में सागर, रवि प्रजापति तथा राजा टंडन को गिरफ्तार किया है। घटना दिनांक को पूरन बेमेतरा गया था।

कार्यक्रम : समारोह में अनेक रामायण मंडलियों ने दी प्रस्तुति

# ललितपुर में रामचरित मानस गान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर



गोस्वामी तुलसी दास जयंती पर छत्तीसगढ़ मानस संगठन शाखा बसना एवं ग्राम ललितपुर ग्रामवासियों के सहयोग से भव्यता पूर्वक रामचरित्र मानस गान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चातुरी नंद विधायक सरायपाली, अध्यक्षता संगठन के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौहान एवं विशिष्ट अतिथि देवकी पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया कृषि सभापति जिपं महासमुंद तथा मीना सत्यानंद बरिहा जप सदस्य, महेश्वरी प्रीतम सिंह सिदार जप सदस्य, सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर, प्रवचनकार महिला अध्यक्ष संतोषी यादव, नोनी बाई चौहान सरपंच बनडबरी, धनेश्वरी परमेश्वर साहू, सरपंच ग्राम पं. कुरमाडीह, प्रीतम चतुर्वेदी सरपच ग्राम पं. जमदरहा, किशोर कुमार, उपेंद्रकुमार सिदार, निशीला दिलीप अजगले, केकती हरिश्चंद पटेल सभी सरपंच, दुर्योधन पटेल, देवकुमार सिदार पूर्व सरपंच, समन्वयक डीजेंद्र कुर्रे, नवरत्न आनंदराम चौहान द्वारा भगवान रामचंद्र दरबार एवं गोस्वामी तुलसी दास के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर मानसगान का शुभारंभ किया गया।

सभापति देवकी दीवान ने संबोधित करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसी दास ने महाकाब्य सरल, सुमधुर, छत्तीसगढ़ी, हिंदी, खड़ी बोली व अनेक भाषाओं के मिश्रण से अद्भुत रामचरित्र मानस का रचना कर कलयुग में भवसागर पार लगाने के लिए नौका बना दिया है। तुलसी दास ने अपने जीवन यात्रा में अनेक कष्ट भी सहे। इसी का सुखद परिणाम भी रहा कि अकबर के कारावास में रहकर हनुमान चालीसा की रचना की।

आगंतुक मानस मंडली जयगुरुदेव जमनीडीह, कबीरा मानस मंडली शीतलपुर, सीमा मानस मंडली भंवरपुर जय बजरंगबली जमनीडीह, रामसंदेश लोहडीपुर पूजा मानस जमनीडीह, सागरसुधा मानस जमडी, दिव्यज्योति मानस नौगडी, रामकृपा मानस भुलका, मानस मंडली कनकेवा, राम मानस पुरुषोत्तमपुर, मानस बी बनडबरी, कुरमाडीह मानस चेरुडीपा मानस मंडलियो ने भाग लिया।

मंच संचालन बृजबिहारी जगत एवं कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष मोतीलाल पारेश्वर ने किया।

# बोलबम कांवरियों की सेवा में भंडारे और भजन संध्या का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन के अंतिम सोमवार को भगवान गंधेश्वर नाथ का अभिषेक करने शनिवार को बम्हनी से जल लेकर सिरपुर जाने वाले कांवरियों के लिए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा पुराना मलेरिया ऑफिस के पास सेवा कार्यक्रम रखा गया। जिसमें पूरी रात कांवरियों के लिए भंडारा प्रसादी की व्यवस्था रही। साथ ही भक्तिमय भजन संध्या भी आयोजित था। भक्तिमय भजनों में कांवरिए झूमते दिखे।

सेवा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पवन पटेल पूर्व नपा अध्यक्ष, जय देवांगन सभापति, ज्योति चंद्राकर सभापति, गुलशन साहू सभापति, जितेंद्र ध्रुव सभापति एवं पार्षदगण विक्की मुस्ताक खान, भाऊ राम साहू, हाफिज कुरैशी, शुभ्रा मनीष शर्मा, कल्पना सूर्यवंशी, धनेश्वरी सोनवानी, सीता टोंडेकर, चंद्रशेखर बेलदार, नीरज चंद्राकर, मुन्ना देवार, रत्नेश साहू, शाहबाज़ राजवानी, शुभम चंद्राकर, आकाश ठाकुर, दामू साहू, होरीलाल साहू, पुष्कर साहू, राजू साहू, गोपी कन्नौजे, कान्हा प्रधान, छन्नू साहू, त्रिलोक साहू, विशाल मिश्रा, खोमन कन्नौजे, होरिलाल कन्नौजे, अवि चंद्राकर, जीत चंद्राकर, राज चंद्राकर, नागेश्वर साहू, भुरू धीवर, टेकेंद्र यादव, बबलू कन्नौजे, पवन कन्नौजे, फलेश साहू, सोमेश्वर साहू, पीयूष चंद्राकर, अरविंद साहू, आयुष भोसले, आर्यन गिलहरे , कुणाल सेन, भुनेश्वर दीवान, हुलेश साहू, मोनू चंद्राकर, संतु धीवर आदि उपस्थित थे।





# बम्हनी स्कूल में प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में छात्र-छात्राओं के बीच प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रश्न मंच का कार्यक्रम का आयोजन तीन चरणों में किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ एवं महासमुंद जिला से संबंधित समसामयिक राजनीतिक, साहित्यिक, शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पौराणिक प्रश्नों का समावेश किया गया। प्रतियोगिता कार्यक्रम में चांदनी साहू कक्षा बारहवीं प्रथम स्थान पर रही एवं राजेश्वरी पटेल द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने प्रतिभा का जौहर दिखाएं हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य जीएस कागजी एवं विद्यालय में कार्यरत व्याख्याता सविता गायकवाड़, दिनेश्वरी ध्रुव, नोमेंद्र दास वैष्णव, डेनिस चंद्राकर एवं जय हिंद बीएड कॉलेज के छात्र अध्यापक संजय प्रधान, सुमित कुमार दास, चंद्रिका प्रधान, प्रियंका ध्रुव, किरण दीवान, संगीता बंछोर तथा विद्यालय के कार्यक्रम प्रभारी कुंती पटेल का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा है। उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी व्याख्याता

# जनपद सभापति प्रकाश ने उठाया शिक्षा का मुद्दा अंकोरी टांडा के बच्चों को मिलेगा नया शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद पंचायत बसना की सामान्य सभा बैठक में जनपद सभापति एवं अंकोरी क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने ग्राम अंकोरी टांडा की शिक्षा विभाग जमीनी शिक्षा व्यवस्था की गंभीर स्थिति को जनपद के सामान्य सभा की बैठक में मजबूती से उठाया।

ग्रामवासियों ने बताया कि इस ग्राम के प्राथमिक शाला में सिर्फ एकमात्र शिक्षक पदस्थ है, वह भी दिव्यांग हैं। जिसके कारण स्कूल में बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। बच्चे स्कूल छोड़कर अन्य प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई करने में विवश है।

पालकों द्वारा बार बार शिक्षक की मांग की जा रही थी, लेकिन अब तक किसी भी स्तर में समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों की समस्या और बच्चों के भविष्य को देखते हुए सिन्हा ने सामान्य सभा में इस मुद्दे को प्राथमिकता से उठाया और तत्काल नए शिक्षक और अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति की पुरज़ोर मांग की। इस संवेदनशील और जनहितपूर्ण मांग पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला ने संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि शिक्षक की नियुक्ति के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और समस्या का समाधान प्राथमिकता पर करने की बात कही। वहीं ग्राम अंकोरी टांडा के ग्रामीणों ने सिन्हा के इस प्रयास की सराहना की और जल्द समाधान की उम्मीद जताई।



# जिला जेल में गायत्री महायज्ञ एवं दीक्षा संस्कार कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला जेल बेमचा में गायत्री शक्तिपीठ की महिला मंडल द्वारा रक्षाबंधन पर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन कर पर्व को आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस कार्यक्रम में 14 बंदियों ने दीक्षा प्राप्त की तथा 4 बंदी भाइयों ने यज्ञोपवीत संस्कार कराए।

30 जुलाई से 1 अगस्त तक बंदियों को पूर्णिमा साहू, नीतू साहू, शारदा प्रजापति एवं भूखन निषाद द्वारा गायत्री मंत्र, यज्ञ एवं जीवन शैली संबंधित कर्मकांडों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के पश्चात बंदियों ने आत्मिक शांति की अनुभूति की तथा समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान एक बंदियों ने अपने साथियों को 10 कुर्ता, 10 धोती तथा 15 मंत्र चादर भेंट स्वरूप प्रदान किए। साथ ही महिला मंडल द्वारा स्वाध्याय मंडल के संचालन हेतु 20 पुस्तकों का सेट जेल परिसर में भेंट किया गया। इस आयोजन में लक्ष्मी राहंगडाले, कनेश्वरी निषाद, गायत्री साहू, चंद्रकला साहू, कमला रौतिया, पिंकी सेठ, पूजा साहू, राधेश्याम चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, दयालू चंद्राकर सहित जेल प्रबंधन का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

# हुलसी ने अनाथ बच्चियों के साथ बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने अपने जन्मदिन पर समाज के जरूरतमंद लोगों के साथ खुशियां साझा कर एक प्रेरणादायक संदेश दिया। सेवा और समर्पण से हुई दिन की शुरुआत करते हुए हुलसी ने अपनी मातृशक्ति समूह के साथ मिलकर राय मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में शामिल हुई, जिसके बाद बिरकोनी स्थित मां चंडी मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

**कस्तूरबा ट्रस्ट में अनाथ बच्चियों के साथ खुशियां साझा की:** जन्मदिन का सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षण तब आया, जब हुलसी बेलसोंडा स्थित कस्तूरबा ट्रस्ट पहुंचीं। इस संस्था में बस्तर की 67 अनाथ बच्चियां रहती हैं, जिनके माता-पिता को नक्सलियों ने मार दिया था। हुलसी ने इन बच्चियों के लिए विशेष पकवान बनवाए, उनके साथ केक काटा और दिल खोलकर खुशियां बांटी। उन्होंने संस्था को 6,000 रुपये का चेक भी भेंट किया। इस तरह, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने अपने जन्मदिन को एक सामाजिक पहल का रूप देकर यह संदेश दिया कि खुशियों को बांटने से ही उनका महत्व और भी बढ़ जाता है।

# सदस्यता रत्न से सम्मानित हुईं अलका चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



नवीन मुख्यमंत्री निवास नया रायपुर में उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सदस्यता से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले सांसद विधायक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक भाजपा सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, डॉ रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 10145 सदस्य बनाकर भाजपा सदस्यता रत्न पुरस्कार से अलका चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रत्याशी भाजपा 2023 सम्मानित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस ऐतिहासिक सम्मान के लिए अलका ने खल्लारी विधानसभा के उन देवतुल्यनिष्ठावान कर्मठ प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं को जिन्होंने संगठन को मजबूत करने में मेरे साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य किया, यह सफलता आप सभी के सहयोग समर्पण विश्वास का परिणाम है। आप सभी के बिना यह संभव नहीं था। यह सम्मान खल्लारी विधानसभा के कार्यकर्ताओं को समर्पित है। अलका ने देवतुल्य कार्यकर्ता एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, सदस्यता प्रभारी अनुराग सिंह देव, हर्षिता पांडे, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा समेत मंत्रीगण व विधायक उपस्थित रहे।

# कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बागबाहरा स्थित विधायक कार्यालय में आगामी कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन के लिए एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में यादव समाज की विभिन्न शाखाओं से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से महोत्सव की तैयारियों के लिए एक संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें समाज के अनुभवी, जागरूक एवं सक्रिय सदस्यों को सम्मिलित किया गया है। बैठक में कार्यक्रम की तिथि, समय, स्थल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, झांकियाँ, भजन संध्या एवं अतिथियों के स्वागत-सत्कार संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा, कृष्ण जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। समाज की सक्रिय भागीदारी से इस महोत्सव को भव्य और गरिमामय रूप में आयोजित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से राजू यादव, विनोद यादव, प्रीतम यादव, हरिशंकर यादव, खोनऊ यादव, दीपक यादव, दुर्गेश यादव, हृदय राम यादव, यशवंत यादव, कुबेर यदु, किरण यदु, ज्योति यादव, कुलेश्वरी यादव, हेमंत यादव, सोमन यादव, डुमनलाल यादव, हबेलाल यादव, मंता यादव, सुंदर यादव, चरण यादव, फगुनू यादव, चंद्रिका यादव, भीखम यादव, रामभूषण यादव, संतोष यादव, दशरथ यादव, ठंडा राम यादव, नजारू यादव, दुरपत यादव, कन्हैया यादव, धर्मराज यादव, रामसिंग यादव, भूषण यादव, पतित यादव, रोहित यादव, प्रदीप यादव, दशरथ यादव, भुवन यादव, फुलेश्वरी यादव, सोनऊराम यादव, नजाकसिंह यादव, परमराज यादव मौजूद रहे।

# राखी प्रतियोगिता में अनिता प्रथम



**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय हाईस्कूल लंबर में प्रत्येक शनिवार को पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में विगत शनिवार को राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। जिसमें श्रावण पूर्णिमा को मनाए जाने वाला त्योहार रक्षाबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही श्रवण मास में पड़ने वाले सोमवार का महत्व को बताया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नवमी तथा दसवीं के छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बहुत ही सुंदर राखियों का निर्माण किया। जिसमें कक्षा दसवीं की अनिता पटेल ने प्रथम स्थान हासिल किया। पूजा साहू एवं दीपिका रत्नाकर कक्षा दसवीं ने द्वितीय तथा ईशा नेताम एवं ज्योति पालेश्वर कक्षा 9 वीं ने सम्मिलित रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत एवं अन्य प्रतिभागियों को पारितोषिक प्राचार्य नवीन पटेल द्वारा प्रदान किया गया। और सभी बच्चों को विविध गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिक्षक प्रमोद कुमार भोई एवं अजय चंद्रा ने रक्षाबंधन को उत्साह के साथ मनाने का आग्रह किया।

## खबर संक्षेप

### विखं स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा आज

**महासमुंद।** विकासखंड स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन वन विभाग मैदान में 4 अगस्त सोमवार को 10 बजे रखा गया है। उक्त प्रतियोगिता में 14 वर्ष, 17 वर्ष, 19 वर्ष बालक बालिका भाग ले पाएंगे। जिसमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर, 800 मी, 1500मी, 5000 मी आदि, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, रिले रेस आदि शामिल है।




### सशिमं में मनाई गई तुलसीदास की जयंती

**कोमाखान।** सरस्वती शिशु मंदिर कोमाखान में तुलसीदास जयंती बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्य उषा द्वारा भारत माता ओम एवं सरस्वती माता और तुलसीदास के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन किया गया। साथ ही कन्या भारती अध्यक्ष विनीता मधुकर, उपाध्यक्ष ललिता सेन, बाल भारती अध्यक्ष मयंक ठाकुर, उपाध्यक्ष राजवीर यादव और अन्य सदस्य भी पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। मध्य में विद्यालय की लता, त्रिवेणी और समीक्षा द्वारा सुंदर भजन और रामचरित से चौपाई दोहा का पाठ किया गया। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद अवकाश दिया।




### रासेयो के छात्रों ने गार्डन की सफाई की

**नर्रा।** शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने कार्यक्रम अधिकारी कामता प्रसाद साहू और नीलिमा भोई एवं सुबोध कुमार तिवारी के निर्देशन में शाला परिसर में स्थित गार्डन की साफ-सफाई की। रासेयो के विद्यार्थियों ने गार्डन के अंदर खरपतवारों की छंटाई, पौधों की सुरक्षा घेरा, समतलीकरण, जैसे कई कार्यों में श्रमदान किया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य भूपेंद्र कुमार पड़ियार ने रासेयो विद्यार्थियों को कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छता एक पेड़ मां के नाम, नो प्लास्टिक एरिया, जैसे जनजागरुकता के कार्यक्रम में लगातार सहभागिता करना चाहिए।

### सेवानिवृति पर विदाई समारोह आयोजित

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पीढ़ी में शाला से प्रधान पाठक के पद से सेवानिवृत्त होने पर नारायण प्रसाद साहू को शाला परिवार की ओर से विदाई दी गई। नारायण प्रसाद साहू क्षेत्र में एक अच्छे शिक्षक, मिलनसार, सहयोगी, कर्तव्यनिष्ठ, शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। उनके सेवानिवृत होने से शाला में उनकी कमी हमेशा शिक्षकों एवं समस्त ग्रामवासियों को खलेगी। विदाई समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं संकुल के अन्य शालाओं के शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्राम पीढ़ी की उपसरपंच किरण यादव, संकुल प्राचार्य राजेश खन्ना, संकुल समन्वयक बाल्मीकि साहू, प्रधानपाठक अशोक कोसले, उमेंद ध्रुव प्रभारी प्रधानपाठक कुकराडीह, सीताराम साहू प्रधानपाठक मोहकम, ओमप्रकाश साहू तेंदूवाही, धर्मेंद्र यादव, शिक्षिका प्रीति सुमन, गीता गोहिया, सुमन ध्रुव, सुलोचनी निषाद, नरेश कुर्रे, साजन कुमार, अविनाश ठाकुर, कामिनी रामटेके, दमयंती साव, खूबचंद साहू, नरेंद्र सोनी, चंद्रहास टंडन, जगदीश साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, सोहद्रा बाई,भगवानी साहू, हरिश्चंद्र साहू, धनसिंग निषाद, व अन्य ग्राम वासी उपस्थित रहे।

---

आयोजन: बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक टीम ने जीता स्वर्ण पदक

# राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन स्पर्धा में बालक टीम विजेता, बालिका टीम को मिला कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

25वीं छत्तीसगढ़ सब जूनियर बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 बालक एवं बालिका का आयोजन 1 से 3 अगस्त 2025 तक बीएसपी बॉल बैडमिंटन कॉप्लेक्स, सेक्टर-4 भिलाई में आयोजित किया गया, जिसमें महासमुंद जिले की सब जूनियर बालक एवं बालिका टीम शामिल हुई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेमचा महासमुंद के 20 खिलाड़ियों में गीताजंलि साहू, सविता जोशी, महेश्वरी चंद्राकर, आकांक्षा कोसरे, डाली चंद्राकर, भूमि ध्रुव, टिकेश्वर यादव, ललिमा यादव, मोनिका निषाद, मानिका जगत एवं बालक टीम में सागर चंद्राकर, ढालेंद्र यादव, जीतू ध्रुव, मुकेश निषाद, भूपेंद्र पटेल, पुष्पेंद्र साहू, तारेंद्र निर्मलकर, सुमित साहू, उज्ज्वल चंद्राकर, टिकेश्वर साहू व प्रशिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, यशवर्धन कहार तथा मैनेजर ओम प्रकाश ध्रुव, वर्षा कोसरे शामिल हुए।

बालक टीम ने क्वार्टर फाइनल मैच में बिलासपुर से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचे, जिसमें दुर्ग जिला से महासमुंद ने 35-32, 38-36 अंकों से जीत दर्ज कर फ़ाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच धमतरी और महासमुंद के बीच खेला गया। जिसमें महासमुंद ने 35-29, 36-34 अंकों से धमतरी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बालिका टीम ने मुंगेली, पेंड्रा से जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें दुर्ग से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचे, सेमीफ़ाइनल मैच में धमतरी से हारकर, तीसरे स्थान मैच में बिलासपुर को हराकर कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। राष्ट्रीय सब जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन डिंगीडुल तमिलनाडु में आयोजित होगी, जिसके नेशनल कैंप के लिए बालक वर्ग में ढालेंद्र यादव, सागर चंद्राकर, जित्तू ध्रुव, मुकेश एवं बालिका वर्ग में गीतांजली साहू, सविता जोशी का चयन किया गया है।



खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही प्रतियोगित में स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीतने पर येतराम साहू जिला अध्यक्ष महासमुंद एवं जिला अध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड, राहुल चंद्राकर अध्यक्ष जिला हॉकी संघ, देवेंद्र चंद्राकर सरपंच बेमचा आनंद साहू जिला उपाध्यक्ष, मनोज धृतलहरे खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण, पंकज चंद्राकर अध्यक्ष जिला एथलेटिक संघ, तन्मय लूनिया, अंकित लूनिया सह सचिव राज्य बाल बैडमिंटन संघ छत्तीसगढ़, लखनू राम निर्मलकर, एसएल पाटकर प्राचार्य बेमचा, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी व्यायाम शिक्षक बेमचा, विनोद कुमार वर्मा शिक्षक बेमचा ने खुशी जाहिर की है। जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने खिलाड़ियों को खेलकूद की सारी जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करने आश्वासन दिया है।

खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे ने बताया कि शासकीय उच्चतर मा. विद्यालय बेमचा ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना द्वारा संचालित अभ्यास केंद्र हैं, जिसे प्रति वर्ष खेल सामग्री हॉकी, बॉल बैडमिंटन प्रदाय किया जा रहा हैं। जिसके माध्यम से खेलों में गति आई हैं। खेलों का नियमित अभ्यास करने से खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करते हुए लगातार पदक जीतने में सफल हो रहे है तथा हर साल राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भागीदारी कर रहे है।

## गांजर में हुई जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता, मुकेश बने विजेता



**महासमुंद।** जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गांजर बागबाहरा में आयोजित किया गया। आयोजन में महासमुंद, बागबाहरा, सरायपाली के 14,17,19 वर्ष के बालक एवं बालिका खिलाड़ी शामिल हुए। आयोजन में मुख्य अतिथि रुपेश साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, प्राचार्य हरकराम दीवान उपस्थित रहे। जिले में कुश्ती खेल के विकास के लिए खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा कुश्ती मैट उपलब्ध कराया गया है, जिससे बागबाहरा क्षेत्र में कुश्ती का आयोजन किया जा रहा हैं। आयोजन के निर्णायक हिरेंद्र देवांगन, क्षितिपति साहू, चंद्रकांत सेन, वीरकांत सेन, तेग बहादुर, बसंत मांघी, ऋषि साहू एवं सहयोगी रामवती, देवेंद्र साहू, भोला निर्मलकर, बलराम साहू का सहयोग रहा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के परिणाम -14 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम मुकेश साहू द्वितीय राहुल, 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम अजय साहू, द्वितीय तेज कुमार, अशवंत मिरी प्रथम, पुलकित साहू द्वितीय, 17 वर्ष बालिका वर्ग में नंदिनी प्रथम व नेहा द्वितीय, तेजस्वी ध्रुव प्रथम, 19 वर्ष बालक वर्ग में तुलेश्वर, रेशम, सुभाष, सुमित यादव, दीपक ने अलग अलग वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय दिव्य प्रताप ने प्राप्त किया। 19 वर्ष बालिका में यमुना प्रथम, भारती द्वितीय एवं रुक्मणी, तेजेश्वरी लिखी ध्रुव व उमेश अपने-अपने ग्रुप में प्रथम रहे। इसी प्रकार 17 वर्ष बालक वर्ग में माधव रूपेश और कुणाल अपने वर्ग में प्रथम रहे हैं, बालिका वर्ग 17 वर्ष में योगिता, संजना, पायल, हिना और दिव्या अपने-अपने वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आसपास विद्यालय के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता का उत्साहपूर्वक खूब आनंद लिया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल ने हर्ष जताया है।

## नर्रा क्षेत्र में किसानों ने मनाया ईतवारी त्योहार



**नर्रा।** क्षेत्र में सावन माह के अंतिम रविवार को ईतवारी त्यौहार मनाया गया। किसानों ने खेती-किसानी कार्य को बंद रख कर स्नान-ध्यान कर चावल आटे से बने चीला, धूप, अगरबत्ती लेकर खेत में लगे धान की फसल की पूजा कर अच्छी फसल की कामना करते है। यह पर्व सावन माह में एक और भादो माह में कुल तीन से पांच इतवारी मनाया जाता है।

# शंकर नगर में धूमधाम से मनाया गया सावन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के शंकर नगर स्थित कुंदकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सावन महोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में एकत्र होकर राधा-कृष्ण की मूर्तियों की विधिवत पूजा-अर्चना एवं सामूहिक आरती में शामिल हुए। सावन माह की परंपरा अनुसार राधा-कृष्ण की झूला झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में सावन झूला झूला कर महिलाओं एवं बच्चों ने उत्सव का आनंद लिया।



सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें खुश्बू साहू ने प्रथम स्थान और छोटी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

राधा-कृष्ण झांकी एवं झूला सजावट में शिखा सोनी और कार्यक्रम व्यवस्था में शोभा गोस्वामी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर सरला सोनी, कुमारी सेन, विनोदिन पुरोहित, योगेश्वरी गोस्वामी, पर्वत साहू, रश्मि सेन, सोनमत, गीता, शारदा, माया, प्रीति, दिव्या, लता, सरस्वती, किरण, दीप्ति, कीर्ति, इंदू, ललिता सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

# सोसायटियों में पर्याप्त खाद नहीं, भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

इन दिनों क्षेत्र में खेती किसानी कार्य में बियासी रोपाई के अलावा निंदाई चलाई शुरू हो गई है। लेकिन, किसानी कार्य के लिए किसानों को सोसाइटियों से मिलने वाली यह खाद समय पर नही मिलने से किसानों को भटकना पड़ रहा है और बाजार से मंहगे दाम पर खरीदने को मजबूर है। एक तरफ शासन-प्रशासन द्वारा कहा जा रहा है कि सोसायटियों में पर्याप्त मात्र में खाद उपलब्ध है। इधर, जिला सरकारी केंद्रीय बैक शाखा कोमाखान के अंतर्गत प्राथमिक साख सहकारी समिति नर्रा सोसायटी के अंतर्गत आने वाले नर्रा, बिंद्रवन, लोंदामुड़ा, कोकड़ी, मुड़पार, राटापाली, बहेराभाठा, झलमला, झिटकी इत्यादि गांवों के किसान रविवार को खाद लेने उमड़े। इस संबंध में सोसायटी के कर्मचारी से जानकारी लेने पर बताया कि चार सौ पैकेट यूरिया खाद आया है, पांच सौ से अधिक किसान खाद लेने पहुंचे थे, जिसे एक बार भी नही मिला है उन्हीं किसानों का परमिट काटा जा रहा है। एकड़ में एक बोरी ही यूरिया खाद मिलने से किसान के चेहरे में मायूसी छा गई है। किसानों का कहना है कि रोपाई बियासी के लिए तो डीएपी खाद मिला था। अब यूरिया खाद के लिए भी परेशानी हो रही है। किसानों को खाद के लिए सोसायटी का चक्कर काटना पड़ रहा है इससे किसान को खाद ले जाने में हो रही है परेशानी एवं अतिरिक्त भाड़ा लग रहा है।



## संगठन महापर्व में सम्मानित हुए बसना विधायक, मिला सदस्यता रत्न पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन महापर्व के तहत प्राथमिक सदस्यता अभियान का आयोजन नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में हुआ। इस विशेष अवसर पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल को संगठन के प्रति समर्पण और उल्लेखनीय योगदान के लिए सदस्यता रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भाजपा संगठन महापर्व के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 10,000 से अधिक नागरिकों को प्राथमिक सदस्यता दिलाई, जो प्रदेश के लक्ष्य की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विधायक डॉ अग्रवाल ने इस सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और समर्पित कार्यकर्ताओं को देते हुए हृदय से आभार व्यक्त किया। विधायक डॉ. अग्रवाल ने यह सम्मान सभी निष्ठावान कार्यकर्ताओं को समर्पित करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग के बिना यह संभव नहीं था।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन मंत्री पवन साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू सहित अनेक मंत्रीगण, विधायकगण एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कुमारी को मिला सदस्य श्रीसम्मान

**सरायपाली (ग्रामीण)।** सरायपाली जनपत पंचायत के पूर्व अध्यक्ष कुमारी भास्कर ने अपने भाजपा सदस्यता अभियान 2024-25 के अंतर्गत पार्टी की विचारधाराओं एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प से प्रेरित होकर जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों का आभार व्यक्त किया और रायपुर में 02 अगस्त 2025 को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में सदस्यता श्री सम्मान से सम्मानित होने का सौभाग्य मिला। कुमारी भास्कर का मानना है कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं बल्कि उन सभी कर्मठ,निष्ठावान और संगठन के प्रति समर्पित सभी कार्यकर्ताओं का है जिन्होंने मेरे साथ सदस्यता अभियान के दौरान गांव-गांव, घर-घर जाकर सदस्य बनने में मेरा सहयोग दिया एवं सदस्यता भूषण सम्मान का गौरवपूर्ण अवसर मैं आप सभी कार्यकर्ताओं और नव सदस्यों को समर्पित करती हूं,और यह सम्मान सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम,प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति अपार प्रेम का प्रतीक है।



## रक्षाबंधन को लेकर बाजार हुआ गुलजार, सजी दुकानें

**पिथौरा।** आगामी 9 अगस्त को मनाए जाने वाले भाई-बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन को लेकर पिथौरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में त्यौहार की रौनक देखने को मिल रही है। बाजारों में राखियों की दुकानों ने रंग-बिरंगी सजावट के साथ ग्राहकों को आकर्षित करना शुरू कर दिया है। रक्षाबंधन को लेकर विशेषकर महिलाओं और बच्चों में उत्साह देखा जा रहा है। तरह-तरह की राखियां जैसे कार्टून कैरेक्टर वाली, स्टोन वर्क, जरदोजी, कलाई बैंड और कस्टमाइज राखियां बाजारों में उपलब्ध हैं। इसके अलावा चॉकलेट राखी, डिजिटल राखी और भाई-बहन के फोटो के साथ बनने वाली राखियां भी इस बार खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।



# लोहारडीह संकुल में हुआ नवांगतुक शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संकुल स्त्रोत केंद्र लोहारडीह में नवआगंतुक शिक्षक सम्मान हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती के वंदन व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश रात्रे स्थान्तरित शिक्षक व अध्यक्षता हर्षिता चंद्राकर संकुल प्राचार्य व गणेश टंडन संकुल समन्वयक विशेष अतिथि रहे।

सर्वप्रथम नवागंतुक शिक्षकों यागेश कुमार ध्रुव, मंदाकिनी साहू, प्रभा सूर्यवंशी, नीलिमा गुप्ता, हेमलता साहू व हर्षिता चंद्राकर व्याख्याता का मोमेंटो व पुष्पगुच्छ से संकुल समन्वयक गणेश टंडन व शिक्षक शिक्षकाओं द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। नव आगंतुक शिक्षकों ने नए विद्यालयों में पदांकन पश्चात अपना अनुभव साझा किया। समारोह में उपस्थित शिक्षकों को संकुल समन्वयक व प्राचार्य ने संबोधित किया और कहा कि हम सभी तत्परता से दायित्व का निर्वहन करते रहे। स्थानांतरित शिक्षक मुकेश कुमार रात्रे शासकीय प्राथमिक शाला उलट कोडार को संकुल परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। उन्होंने अपने संकुल व शाला में बिताये हुए समय को अविस्मरणीय बताया। आभार प्रदर्शन रोमन चंद्राकर प्रधान पाठक व संचालन डोमन लाल साहू शिक्षक द्वारा किया गया।



इस अवसर पर प्रधान पाठकगण पुरन कुमार साहू, रमाशंकर शर्मा, तरुण मरई, मुकेश साहू, रानू शर्मा, तरुण कहार, व्याख्यातागण देवराज सेन, शिव प्रसाद मरकाम, अनिता एक्का, शिक्षकगण सोमेश्वर पटेल, दीपक मिश्रा, गजेंद्र टंडन, दुर्गा साहू, दुर्गा कमार मौजूद रहे।

